Regarding setting up of an AIIMS like institution in Dhanbad-Laid

श्री दुलू महतो (धनबाद) **:** मेरा संसदीय क्षेत्र धनबाद एक औद्योगिक नगर होने के कारण यहां देश के कोने-कोने से लोग बसे हुए हैं I यह क्षेत्र झारखंड का एक महत्वपूर्ण शहर है एवं वर्तमान में धनबाद में कई बड़े-बड़े उद्योग होने के कारण यहां कार्य करने वाले श्रमिकों**,** कर्मचारियों की संख्या बहुतायत में है । जैसा कि विदित है धनबाद को कोयले की राजधानी भी जाना जाता है । धनबाद की आबादी के घनत्व को देखते हुए यहां उत्तम सुविधाओं वाली स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नहीं है**,** विशेषकर यहाँ कोयले का उत्पादन होने के कारण लोगों को फेफड़े संबंधी बीमारी अधिक होती है जिसका इलाज यहाँ नहीं है और यहां के निवासियों को अच्छा इलाज करने के लिए क्षेत्र से बाहर दक्षिण प्रदेशों में जाना पड़ता है जिसके कारण कई बार जान की हानि भी हो जाती है । अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद में एम्स की तर्ज पर संपूर्ण सुविधा युक्त अस्पताल खुलवाए जाने की कृपा करें जिससे क्षेत्र की जनता के साथ-साथ बाहर से बसे हुए श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके ।